>

Title: Regarding notices of Adjournment motion.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएँ प्राप्त हुई हैं। मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति नहीं दी है।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, जम्मू-कश्मीर से डॉ. फारूख अब्दुल्ला साहब को रिहा कर दिया गया। हमारी माँग है कि सिर्फ फारूख अब्दुल्ला ही नहीं, दो और चीफ मिनिस्टर्स हैं और वहाँ हजारों की तादाद में पॉलिटिकल वर्कर्स हैं, जिनको आज तक हिरासत में रखा गया है।

पहले यह बताया गया था कि डॉ. फारूख अब्दुल्ला साहब को सिक्युरिटी थ्रेट है, लेकिन क्या वजह है कि उनको रिहा कर दिया गया? हम उनकी रिहाई के लिए सदन में बार-बार मुद्दा उठाते रहे। उस समय कहा गया था कि सिक्युरिटी थ्रेट है। क्या अभी सिक्युरिटी थ्रेट नहीं है? उस समय यह … * कहकर सदन को गुमराह करके डॉ. फारूख अब्दुला साहब को सिक्युरिटी थ्रेट बताया गया था।…(व्यवधान)